davv ba question papers

www.davvonline.com

हिन्दी साहित्य-2016

हिन्दी कथा साहित्य

Time : 3 Hours] *[Max Marks : Regular 85/Private 100*

खण्ड अ : वस्तुनिष्ठ *[Regular 15 × 1 = 15/Private 15 × 1 = 15]*

1. हिन्दी का पहला मौलिक उपन्यास किसे माना जाता है :
   (अ) गबन (ब) मैला आँचल
   (स) परीक्षा गुरू (द) कल्याणी।
2. 'गबन' उपन्यास की मूल समस्या है :
   (अ) अनमेल विवाह (ब) आभूषण प्रेम
   (स) रिश्वत की समस्या (द) धार्मिक पाखण्ड।
3. 'आपका बंटी' के उपन्यासकार कौन हैं :
   (अ) मन्नु भण्डारी (ब) प्रेमचंद
   (स) जैनेन्द्र (द) वृन्दावनलाल वर्मा।
4. हिन्दी के उपन्यास सम्राट हैं :
   (अ) जयशंकर प्रसाद (ब) प्रेमचंद
   (स) भगवतीचरण वर्मा (द) वृन्दावनलाल वर्मा।
5. हिन्दी कहानी का मौलिक विकास हुआ :
   (अ) सन् 1900-1915 तक (ब) सन् 1907-1920 तक
   (स) सन् 1902-1914 तक (द) सन् 1903-1912 तक।
6. 'चीफ की दावत' कहानी के लेखक हैं :
   (अ) यशपाल (ब) भीष्म साहनी
   (स) मुंशी प्रेमचंद (द) अमरकांत।
7. 'परिन्दे' शीर्षक की प्रमुख विशेषता है :
   (अ) मनोवैज्ञानिकता (ब) भावात्मकता
   (स) प्रतीकात्मकता (द) रोचकता।
8. गजाधर बाबू को कहाँ नौकरी मिल गयी थी :
   (अ) कलेक्टर में (ब) एक दुकान पर
   (स) चीनी मिल में (द) कहीं नहीं।

www.davvonline.com
www.davvonline.com
www.davvOnline.com
www.davvOnline.com
www.davvonline.com
www.davvonline.com

www.davvonline.com
davv ba question papers

9. 'परमात्मा का कुत्ता' कहानी है :
(अ) भौतिकवादी (ब) परम्परावादी
(स) रूढ़िवादी (द) यथार्थवादी।

10. 'जिन्दगी और जोंक' कहानी के कथाकार हैं :
(अ) कमलेश्वर (ब) निर्मल वर्मा
(स) अमरकांत (द) जयशंकर प्रसाद।

11. 'नमक का दरोगा' के कहानीकार हैं :
(अ) प्रेमचंद (ब) प्रसाद
(स) यशपाल (द) कमलेश्वर।

12. 'परख' उपन्यास के उपन्यासकार हैं :
(अ) प्रेमचंद (ब) जैनेन्द्र
(स) मन्नु भण्डारी (द) राजेन्द्र यादव।

13. 'मित्रों मरजानी' किसकी रचना है :
(अ) मार्कण्डेय (ब) कृष्णा सोबती
(स) अमृतलाल नागर (द) यशपाल।

14. 'रहमन धागा प्रेम का' किसका कहानी संकलन है :
(अ) उषा प्रियंवदा (ब) मन्नु भण्डारी
(स) कृष्णा सोबती (द) मालती जोशी।

15. किसानों की दया का चित्रण करने वाला सर्वश्रेष्ठ उपन्यास हैं :
(अ) गोदान (ब) परती परिकथा
(स) शेखर : एक जीवनी (द) सारा आकाश।

खण्ड ब : लघुउत्तरीय *[Regular 5 × 4 = 20/Private 5 × 5 = 25]*

1. 'गबन' उपन्यास का उद्‌देश्य बताइये।

अथवा

'आपका बंटी' की शकुन के चरित्र की पाँच विशेषताएँ बताइये।

2. उपन्यास कितने प्रकार के होते हैं? प्रकारों के नाम लिखिये।

अथवा

कहानी कितनी प्रकार की होती है? प्रकारों के नाम लिखिये।

3. 'नमक का दरोगा' कहानी का संक्षिप्त सारांश लिखिये।

अथवा

'जिन्दगी और जोंक' कहानी का उद्‌देश्य लिखिये।

4. कृष्णा सोबती का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनकी दो रचनाओं के नाम लिखिए।

अथवा

www.davvonline.com
www.davvonline.com
www.davvonline.com
www.davvOnline.com
www.davvOnline.com

www.davvonline.com
davv ba question paper
जैनेन्द्र कुमार का जीवन परिचय देते हुए उनकी दो रचनाओं के नाम लिखिए।

5. कहानीकार के रूप में अमृतलाल नागर का परिचय दीजिए।

अथवा

चित्रा मुगदल का परिचय देते हुए उनकी दो रचनाओं का नाम लिखिए।

खण्ड स : दीर्घ उत्तरीय *[Regular 5 × 10 = 50/Private 5 × 12 = 60]*

1. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

वह लालसा जो आज सात वर्ष हुए उसके हृदय में अंकुरित हुई थी, जो इस समय पुष्प और पल्लव से लदी खड़ी थी, उस पर वज्रपात हो गया। आज ही के दिन पर तो उसकी समस्त आशाएँ अवलम्बित थी, दुर्देव ने आज वह अवलम्ब भी छीन लिया।

अथवा

मुझे लगा की बंटी किन्हीं दो-एक घरों में नहीं, आज के अनेक परिवारों में सांस ले रहा है- अलग-अलग संदर्भों में, अलग-अलग स्थितियों में। लेकिन एक बात मुझे इन बच्चों में समान लगी और वह यह कि ये सभी फालतू, गैर जरूरी और अपनी जड़ों से कटे हुए हैं। किसी एक व्यक्ति के साथ घटी घुटना, दया, करूणा और भावुकता पैदा कर सकती है, लेकिन जब अनेक जिन्दगियां एक जैसे सांचे में ही सामने आने लगती हैं तो दया और भावुकता के स्थान पर मन में धीरे-धीरे एक आतंक उभरने लगता है।

www.davvonline.com
www.davvonline.com

2. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

आद्रा नक्षत्र, आकाश में काले-काले बादलों की घुमड़, जिसमें देव दुन्दभी का गम्भीर घोष। प्राची के एक निरभ्र कोने से स्वर्ण-पुरुष झांकने लगा था- देखने लगा महाराज की सवारी। शैलमाला के अंचल में समतल उर्वरा भूमि से सोंधी बास उठ रही थी। नगर तोरण से जय-घोष हुआ, भीड़ में गजराज की चामरधारी झुण्ड उन्नत दिखाई पड़ा। वह हर्ष और उत्साह का समुद्र हिलौरे भरता हुआ आगे बढ़ने लगा।

अथवा

मगर कोठरी में बैठने की देर थी कि आँखों से छल-छल आँसू बहने लगे। यह दुपट्टे से बार-बार उन्हें पोंछती, पर वह बार-बार आते, जैसे बरसों का बाँध तोड़कर उमड़ आये हों। माँ ने बहुतेरा दिल को समझाया, हाथ जोड़े, भगवान का नाम लिया, बेटे के चिरायु होने की प्रार्थना की, बार-बार आँखे बन्द की, मगर आँसू बरसात के पानी की तरह जैसे थमने में ही न आते थे।

www.davvOnline.com
www.davvOnline.com

3. हिन्दी उपन्यास के उदभव एवं विकास पर निबन्ध लिखिए।

अथवा

कहानी की परिभाषा देते हुए कहानी के तत्वों की विवेचना कीजिए।

4. जालपा या रमानाथ की चारित्रिक विशेषताओं को समझाइए।

अथवा

'आपका बंटी' एक समस्या प्रधान उपन्यास है। इस कथन की विवेचना कीजिये।

5. 'वापसी' कहानी की तात्विक समीक्षा कीजिए।

अथवा

कहानी के तत्वों के आधार पर 'परमात्मा का कुत्ता' कहानी की समीक्षा कीजिए।

www.davvonline.com